राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः– एफ.3(ग)1986 / एसीपी / अलेसे–II / 23826-33 दिनांकः– 04/11/2015

## आदेश संख्या 122 / 2015–16

राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.11(7)एफडी / रूल्स / 2008 / दिनांक 12.09.2008 एवं दिनांक 06.10.2008 एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ–14(88)एफडी(नियम) 2008–I दिनांक 31.12.2009 के अनुसरण में **श्रीमती मंजू रानी जाजू, स.** लेखाधिकारी ग्रेड–II जिनकी मेरिट संख्या 594 / 86 एवं जन्मतिथि 13.12.1958 है तथा जिन्होंने कनिष्ठ लेखाकार के पद पर दिनांक 18.06.1988 को कार्यग्रहण किया था । इन्होने 27 वर्ष एवं अधिक की राजकीय सेवा निरन्तर एवं संतोषजनक पूर्ण कर ली हैं, को इनकी तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (ए.सी.पी.) पे–बैण्ड 2(9300–34800) एवं ग्रेड–पे 5400 / – दिनांक 18.06.2015 से स्वीकृत की जाती है।

श्रीमती मंजू रानी जाजू , सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ. 14 (88) एफडी (नियम) 2008–I दिनांक 31.12.2009 में दी हुई शर्तो के सम्बन्ध में संतोषजनक सेवा सम्बन्धी प्रमाण पत्र व सन्तान सम्बन्धी घोषणा पत्र की प्राप्ति के आधार पर इनकी तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (ए.सी.पी.) को स्वीकृत किया जाता है।

श्रीमती मंजू रानी जाजू , सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 12.09.2008 के पैरा 19, आदेश दिनांक 06.10.2008 एवं एफ–14(88)एफडी(रूल्स) 2008 दिनांक 31.12.2009 के अनुसार सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। वेतन निर्धारण से पूर्व सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि संबंधित कार्मिक राजस्थान सिविल सेवा (पुनरीक्षित वेतनमान) 2008 में पे–ग्रेड 4800 में वेतन प्राप्त कर रही हैं, पूर्व में इनकी तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (ए.सी.पी.) स्वीकृत नहीं की गई है, तृतीय ए.सी.पी. देय तिथि से गत 7 वर्ष तक इन्हें कोई दण्ड नहीं दिया गया है, इनके विरूद्ध किसी भी प्रकार की फौजदारी / विभागीय जांच लम्बित अथवा प्रस्तावित नहीं है एवं इन्हें गत 7 वर्षो से नियमित रूप से नियमानुसार वेतन वृद्धियां मिल रही हैं। इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण की प्रविष्टि आवश्यक रूप से सम्बन्धित कार्मिक की सेवा पुस्तिका में की जावे।

(भास्कर शर्मा)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.3(ग)1986 / एसीपी / अलेसे–II / 23826 – 33 दिनांकः– 04/11/2015
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष – कृषि निदेशालय, जयपुर।
2. **श्रीमती मंजू रानी जाजू**, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कृषि निदेशालय, जयपुर।
3. निजी सहायक निदेशक महोदय।
4. निजी पत्रावली / गार्ड फाईल / गोपनीय अनुभाग / कम्प्यूटर अनुभाग (वेबसाईट हेतु)।

(डॉ. मनीष शुक्ला)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II)